1. Use of chemical fertilizers to improve soil fertility.
2. Frequent decomposing and fallowing.
3. Use of herbs to control pests.
4. Higher productivity per hectare.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 1, 3 and 4

(c) 2 and 3 only

(d) 2, 3 and 4

**98.** 'Yakuts' are the nomadic herders of

(a) Gobi

(b) Sahara

(c) Tundra

(d) Kalahari

**99.** A farmer in a semi-arid area claims that his farming practice is very environment friendly. Which of the following practices on his farm can justify his claim ?

1. Planting a tree belt.
2. Practising crop rotation.
3. Carrying out a large scale irrigation system.
4. Using organic fertilizers.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 and 4 only

(b) 1, 2 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 1 and 2 only

**94.** निम्नलिखित में से कौन सा एक, काँच के पात्र की, जिसमें कि वह रखा होता है, दीवार को गीला **नहीं** करता ?

(a) जल

(b) ऐल्कोहॉल

(c) पारा

(d) फ़ीनॉल

**95.** जल में स्थायी कठोरता किसकी उपस्थिति के कारण होती है ?

(a) सोडियम और पोटैशियम के सल्फेट

(b) मैग्नीशियम और कैल्सियम के सल्फेट

(c) सोडियम और मैग्नीशियम के कार्बोनेट

(d) मैग्नीशियम और कैल्सियम के बाइकार्बोनेट

**96.** अभिक्रिया $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$, में 'C' निम्नलिखित में से किस एक के रूप में कार्य करता है ?

(a) अम्ल

(b) क्षार

(c) उपचायक

(d) अपचायक

**97.** जैव कृषि की निम्नलिखित में से कौन सी विशेषताएँ हैं ?

1. मृदा उर्वरता को उन्नत करने के लिए रासायनिक खाद का प्रयोग करना ।
2. बारंबार अपघटित करना (डीकंपोजिंग) और परती छोड़ना ।
3. नाशक जीवों के नियन्त्रण हेतु शाकों का प्रयोग करना ।
4. प्रति हेक्टेयर उच्चतर उत्पादकता लाना ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 4

(b) 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

**98.** यायावर चरवाहे 'याकूत' कहाँ के हैं ?

(a) गोबी

(b) सहारा

(c) टुन्ड्रा

(d) कालाहारी

**99.** किसी अर्ध-शुष्क क्षेत्र में एक किसान दावा करता है कि उसकी कृषि पद्धति पर्यावरण के बहुत अनुकूल है । उसके खेत की निम्नलिखित में से कौन सी पद्धतियाँ इस दावे को उचित ठहरा सकती हैं ?

1. वृक्षों की कतार लगाना ।
2. फसलों के हेर फेर की पद्धति अपनाना ।
3. बड़े पैमाने पर सिंचाई व्यवस्था अमल में लाना ।
4. जैव उर्वरकों का प्रयोग करना ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 3 और 4

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) केवल 1 और 2

**100.** The luxuriant growth of natural vegetation in tropical rainforest is due to

1. fertile soil.
2. hot and wet climate throughout the year.
3. intense sunlight for photosynthesis.
4. seasonal change to facilitate nutrient absorption.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**101.** Which endocrine gland requires iodine to synthesize a particular hormone whose deficiency may cause goitre disease ?

(a) Hypothalamus

(b) Pancreas

(c) Thymus

(d) Thyroid gland

**102.** Which one of the following is ***not*** a part of nerves ?

(a) Axons

(b) Connective tissues

(c) Schwann cells

(d) Smooth muscles

**103.** The product of conductivity and resistivity of a conductor

(a) depends on pressure applied

(b) depends on current flowing through conductor

(c) is the same for all conductors

(d) varies from conductor to conductor

**104.** We use CFL to save electrical energy and to provide sufficient light. The full form of CFL is

(a) Condensed filament light

(b) Compact filament lamp

(c) Condensed fluorescent lamp

(d) Compact fluorescent lamp

**105.** When the sun is 30° above the horizon, shadow of one tree is 17·3 m long. What is the height of this tree ?

(a) 20 m

(b) 17·30 m

(c) 10 m

(d) 1·73 m

100. उष्णकटिबंधीय वर्षावन में प्राकृतिक वनस्पति की अत्यधिक वृद्धि का कारण

1. उपजाऊ मृदा है ।
2. वर्षभर ऊष्ण और नम जलवायु है ।
3. प्रकाश-संश्लेषण के लिए सूर्य का तीव्र प्रकाश है ।
4. पोषकों के अवशोषण के लिए मौसमी परिवर्तन है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1, 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

101. एक विशिष्ट हार्मोन को, जिसकी कमी से गलगण्ड (गॉइटर) रोग हो सकता है, संश्लेषित करने के लिए किस अंत:स्रावी (एंडोक्राइन) ग्रंथि को आयोडीन की आवश्यकता होती है ?

(a) अधश्चेतक (हाईपोथैलेमस)

(b) अग्न्याशय (पैंक्रियाज़)

(c) थाइमस

(d) अवटुग्रंथि ((थाइरॉइड ग्रंथि)

102. निम्नलिखित में से कौन सा एक तंत्रिकाओं का भाग **नहीं** है ?

(a) अक्षतन्तु

(b) संयोजी ऊतक

(c) श्वान कोशिकाएँ

(d) मसृण पेशियाँ

103. किसी चालक की चालकता और प्रतिरोधकता का गुणनफल क्या होता है ?

(a) यह अनुप्रयुक्त दाब पर निर्भर करता है

(b) यह चालक में प्रवाहित धारा पर निर्भर करता है

(c) सभी चालकों के लिए समान होता है

(d) अलग-अलग चालक में अलग-अलग होता है

104. विद्युत ऊर्जा की बचत करने तथा पर्याप्त प्रकाश पाने के लिए हम CFL का उपयोग करते हैं । CFL का पूरा रूप क्या है ?

(a) कन्डेन्स्ड फिलामेंट लैम्प

(b) कॉम्पैक्ट फिलामेंट लैम्प

(c) कन्डैन्स्ड फ्लॉरेसेन्ट लैम्प

(d) कॉम्पैक्ट फ्लॉरेसेन्ट लैम्प

105. जब सूर्य क्षितिज से 30° ऊपर है तो एक वृक्ष की छाया 17·3 m लम्बी है । इस वृक्ष की ऊँचाई क्या है ?

(a) 20 m

(b) 17·30 m

(c) 10 m

(d) 1·73 m

**106.** When heat rays are reflected from Earth, gases like Carbon dioxide, Nitrous oxide do not allow them to escape back to the space causing our planet to heat up. These gases are known as

(a) Noble gas

(b) Green-house gas

(c) Hot gas

(d) Blue gas

**107.** A spring can be used to determine the mass *m* of an object in two ways : (i) by measuring the extension in the spring due to the object; and (ii) by measuring the oscillation period for the given mass. Which of these methods can be used in a space-station orbiting Earth ?

(a) Both

(b) Only the extension method

(c) Only the oscillation method

(d) Neither

**108.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Region)* | List II *(Vegetation)* |
|---|---|
| A. Selvas | 1. Conifers |
| B. Savannas | 2. Mosses and Lichens |
| C. Taiga | 3. Epiphytes |
| D. Tundra | 4. Grasses and trees |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**109.** Which of the following statements with regard to the western coastal plain of India are correct ?

1. It is a narrow belt.
2. It is an example of submerged coastal plain.
3. It provides natural conditions for development of ports.
4. It has well developed deltas.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2, 3 and 4

(d) 3 and 4 only

**110.** Which one of the following weather conditions indicates a sudden fall in barometer reading ?

(a) Stormy weather

(b) Calm weather

(c) Cold and dry weather

(d) Hot and sunny weather

106. जब ऊष्मीय किरणें पृथ्वी से परावर्तित होती हैं तो कार्बन डाईऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसें उन्हें वापस अंतरिक्ष में नहीं जाने देतीं, जिसके कारण हमारा ग्रह गर्म होता है। ये गैसें क्या कहलाती हैं ?

(a) उत्कृष्ट (नोबल) गैस

(b) ग्रीन-हाउस गैस

(c) तप्त गैस

(d) नील गैस (ब्लू गैस)

107. किसी वस्तु का द्रव्यमान *m* ज्ञात करने के लिए एक कमानी का उपयोग दो प्रकार से किया जा सकता है : (i) वस्तु के कारण कमानी में आए विस्तार का मापन कर; और (ii) दिये गये द्रव्यमान के दोलन काल का मापन कर। पृथ्वी की कक्षा में परिक्रमण करने वाले किसी अंतरिक्ष-स्टेशन में इनमें से कौन सी विधि का प्रयोग किया जा सकता है ?

(a) दोनों

(b) केवल विस्तार विधि

(c) केवल दोलन विधि

(d) दोनों में से कोई नहीं

108. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (क्षेत्र) | सूची II (बनस्पति) |
|---|---|
| A. सेल्वास | 1. शंकुवृक्ष |
| B. सवाना | 2. मॉसेस और लाइकेन्स |
| C. टैगा | 3. अधिपादप |
| D. टुंड्रा | 4. घास और वृक्ष |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

109. भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन से सही हैं ?

1. यह एक संकीर्ण पट्टी है।
2. यह निमग्न तटीय मैदान का एक उदाहरण है।
3. यह पत्तनों के विकास के लिए प्राकृतिक दशाएँ प्रदान करता है।
4. इसमें सुविकसित डेल्टा हैं।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 3 और 4

110. निम्नलिखित में से किस एक मौसम दशा में बैरोमीटर के पाठ में एकाएक कमी दिखती है ?

(a) तूफानी मौसम

(b) शांत मौसम

(c) शीत और शुष्क मौसम

(d) गर्म और धूपवाला मौसम


**111.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Island)* | List II *(Location)* |
|---|---|
| A. Continental island | 1. Mauritius |
| B. Coral island | 2. Madagascar |
| C. Volcanic island | 3. Andaman and Nicobar islands |
| D. Mountain island | 4. Maldives |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**112.** Consider the following diagram :




In which one among the following lettered areas of the diagram would erosion most likely change the shapes of the riverbed ?

(a) A

(b) B

(c) C

(d) D

**113.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Cloud)* | List II *(Characteristic)* |
|---|---|
| A. Cirrus | 1. Rain giving |
| B. Stratus | 2. Feathery appearance |
| C. Nimbus | 3. Vertically growing |
| D. Cumulus | 4. Horizontally spreading |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |


111. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I **(द्वीप)** | सूची II **(अवस्थिति)** |
|---|---|
| A. महादेशी द्वीप | 1. मॉरीशस |
| B. प्रवाल द्वीप | 2. मैडागास्कर |
| C. ज्वालामुखी द्वीप | 3. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |
| D. पर्वतीय द्वीप | 4. मालदीव |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

112. नीचे दिये गये आरेख पर विचार कीजिये :




इस आरेख के, नीचे दिए गए अक्षरांकित क्षेत्रों में से किस एक में, मुख्यतः अपरदन द्वारा नदी पाट की आकृतियों में परिवर्तन होने की सर्वाधिक संभावना है ?

(a) A

(b) B

(c) C

(d) D

113. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I **(मेघ)** | सूची II **(विशेषता)** |
|---|---|
| A. सिरस | 1. वर्षा देने वाला |
| B. स्तरी | 2. पिच्छमय (फेदरी) आकृति |
| C. वर्षामेघ | 3. ऊर्ध्वाधर वृद्धि |
| D. कपासी | 4. क्षैतिज फैलाव |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

114. The concept of demographic transition provides a model for

(a) analyzing government responses to changing pattern of population growth

(b) explaining major patterns of global population movement throughout the history

(c) analyzing spatial variations in the distribution, growth and movement of population over time

(d) examining the relationship between economic development and natural population change

115. Precursor of which one of the following vitamins comes from $\beta$-carotene ?

(a) Vitamin A

(b) Vitamin C

(c) Vitamin D

(d) Vitamin K

116. 'Lub-dup' sound is produced due to action of

(a) Large intestine

(b) Lungs

(c) Heart

(d) Oesophagus

117. The Sun is observed to be reddish when it is near the horizon, i.e., in the morning and the evening. This is because

(a) red light is least scattered by atmosphere

(b) red light is most scattered by atmosphere

(c) it is the colour of the Sun in the morning and evening

(d) Earth's atmosphere emits red light

118. Thermal conductivity of aluminium, copper and stainless steel increases in the order

(a) Copper < Aluminium < Stainless Steel

(b) Stainless Steel < Aluminium < Copper

(c) Aluminium < Copper < Stainless Steel

(d) Copper < Stainless Steel < Aluminium

119. Perspiration cools the body because

(a) presence of water on the skin is cooling

(b) evaporation requires latent heat

(c) water has a high specific heat

(d) water is a poor conductor of heat

114. जनसांख्यिकीय संक्रमण की संकल्पना किस के लिए एक प्रतिरूप प्रदान करती है ?

(a) जनसंख्या वृद्धि के बदलते हुए स्वरूप के प्रति सरकारी प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करना

(b) इतिहास के पूरे दौर में विश्व जनसंख्या संचलन के प्रमुख स्वरूपों की व्याख्या करना

(c) समय के साथ, जनसंख्या के वितरण, वृद्धि और संचलन में स्थानिक विचरणों का विश्लेषण करना

(d) आर्थिक विकास और प्राकृतिक जनसंख्या परिवर्तन के मध्य सम्बन्ध की जाँच करना

115. निम्नलिखित विटामिनों में से किस एक का अग्रगामी $\beta$-कैरोटीन से प्राप्त होता है ?

(a) विटामिन A

(b) विटामिन C

(c) विटामिन D

(d) विटामिन K

116. 'लब-डप' ध्वनि किस की क्रिया के कारण उत्पन्न होती है ?

(a) बड़ी आँत

(b) फेफड़े

(c) हृदय

(d) श्वासनली

117. जब सूर्य क्षितिज के निकट होता है, अर्थात् सुबह और शाम को, तब वह लालिमा युक्त दिखाई देता है । इसका कारण क्या है ?

(a) लाल प्रकाश का वायुमंडल द्वारा न्यूनतम प्रकीर्णन होता है

(b) लाल प्रकाश का वायुमंडल द्वारा सर्वाधिक प्रकीर्णन होता है

(c) सुबह और शाम में सूर्य का यही रंग होता है

(d) पृथ्वी का वायुमंडल लाल प्रकाश उत्सर्जित करता है

118. एलुमिनियम, ताम्र और जंगरोधी इस्पात की ऊष्मा-चालकता किस अनुक्रम में बढ़ती है ?

(a) ताम्र < एलुमिनियम < जंगरोधी इस्पात

(b) जंगरोधी इस्पात < एलुमिनियम < ताम्र

(c) एलुमिनियम < ताम्र < जंगरोधी इस्पात

(d) ताम्र < जंगरोधी इस्पात < एलुमिनियम

119. पसीना शरीर को ठण्डा करता है, क्योंकि

(a) त्वचा पर पानी की मौजूदगी शीतलता देती है

(b) वाष्पीकरण के लिए गुप्त ऊष्मा की आवश्यकता होती है

(c) पानी की विशिष्ट ऊष्मा उच्च होती है

(d) पानी ऊष्मा का हीन चालक है

**120.** The radius of the Moon is about one-fourth that of the Earth and acceleration due to gravity on the Moon is about one-sixth that on the Earth. From this, we can conclude that the ratio of the mass of Earth to the mass of the Moon is about

(a) 10

(b) 100

(c) 1,000

(d) 10,000

**121.** Which of the following country/countries successfully inserted a spacecraft into Mars' orbit by maiden attempt ?

(a) USA

(b) USA and Russia

(c) India

(d) China

**122.** The European Space Agency (ESA) successfully landed a spacecraft on a speeding comet that lies 310 million miles away from Earth. As a result, the scientists may find out

(a) the age of the Sun

(b) the age of the Universe

(c) new fundamental atomic particles

(d) the role of the comets in bringing organic matter and water to Earth

**123.** Who among the following Nobel laureates has recently announced to put his Nobel Medal under auction ?

(a) Kailash Satyarthi

(b) J D Watson

(c) Mikhail Gorbachev

(d) Jody Williams

**124.** Which one among the following statements with regard to a climate deal adopted between USA and China in November 2014 is ***not*** correct ?

(a) China committed to cap its output of carbon pollution by the year 2030 or earlier

(b) China committed to increase its use of zero emission energy to 20% by the year 2030

(c) USA agreed to reduce its emissions by 26% – 28% below its year 2005 levels in the year 2025

(d) Both the countries agreed to completely phase out coal technologies by the year 2020

**125.** Which one among the following books is centered around 'environment' ?

(a) The Late, Great Planet Earth

(b) Silent Spring

(c) Here I Stand

(d) And Then One Day

**120.** चंद्रमा की त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या से लगभग एक-चौथाई है और चंद्रमा पर गुरुत्वीय त्वरण पृथ्वी पर के गुरूत्वीय त्वरण का लगभग छठा हिस्सा है। इससे हम पृथ्वी के द्रव्यमान का चंद्रमा के द्रव्यमान से लगभग क्या अनुपात होने का निष्कर्ष निकाल सकते हैं ?

(a) 10

(b) 100

(c) 1,000

(d) 10,000

**121.** निम्नलिखित में से कौन से देश/देशों ने प्रथम प्रयास में ही अंतरिक्ष यान को सफलता पूर्वक मंगल ग्रह की कक्षा में रख दिया ?

(a) यू. एस. ए.

(b) यू. एस. ए. और रूस

(c) भारत

(d) चीन

**122.** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) ने एक अंतरिक्ष यान को एक गतिमान धूमकेतु पर, जो कि पृथ्वी से 310 मिलियन मील की दूरी पर है, सफलतापूर्वक उतारा। इसके परिणाम स्वरूप, वैज्ञानिक क्या पता लगा सकेंगे ?

(a) सूर्य की आयु

(b) ब्रह्मांड की आयु

(c) नए मूल परमाणु कण

(d) जैव पदार्थ और जल को पृथी पर लाने में धूमकेतुओं की भूमिका

**123.** निम्नलिखित में से किस नोबेल पुरस्कार विजेता ने हाल ही में अपने नोबेल पदक को नीलाम करने की घोषणा की ?

(a) कैलाश सत्यार्थी

(b) जे डी वाट्सन

(c) मिखाइल गोर्बाचेव

(d) जोडी विलियम्स

**124.** नवम्बर 2014 में यू.एस.ए. और चीन के बीच हुए जलवायु समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सही **नहीं** है ?

(a) चीन वर्ष 2030 तक या उससे पहले अपने कार्बन प्रदूषण के निर्गम को निर्धारित सीमा के अंदर रखने के लिए वचनबद्ध हुआ

(b) चीन वर्ष 2030 तक अपनी शून्य उत्सर्जन ऊर्जा के उपयोग को 20% बढ़ा देने के लिए वचनबद्ध हुआ

(c) यू.एस.ए. वर्ष 2025 तक अपने उत्सर्जन को वर्ष 2005 के स्तरों से 26% से 28% नीचे तक घटाने को सहमत हुआ

(d) दोनों देश वर्ष 2020 तक कोयला प्रौद्योगिकियों को पूर्णतः समाप्त कर देने के लिए सहमत हुए

**125.** निम्नलिखित में से कौन सी एक पुस्तक 'वातावरण' पर केंद्रित है ?

(a) द लेट, ग्रेट प्लैनेट अर्थ

(b) साइलेन्ट स्प्रिन्ग

(c) हिअर आई स्टैंड

(d) ऐंड देन वन डे

126. Who among the following cricket players has ***not*** died while playing a match ?

(a) Wasim Raja

(b) Phillip Hughes

(c) Raman Lamba

(d) Vijay Hazare

127. Which one among the following films was conferred the 'Golden Peacock' award in the 45th International Film Festival of India (2014) ?

(a) Ek Hazarachi Note

(b) A Short Story

(c) Leviathan

(d) Ajeyo

128. Which one among the following films was awarded the best motion picture (Drama) in the 72nd Golden Globe Awards ?

(a) The Theory of Everything

(b) Boyhood

(c) Still Alice

(d) Birdman

129. East Zone won the prestigious Deodhar Trophy cricket tournament 2014-15 by defeating

(a) South Zone

(b) Central Zone

(c) West Zone

(d) North Zone

130. Which one of the following books won the Man Booker Prize 2014 ?

(a) History of the Rain

(b) The Lives of Others

(c) The Narrow Road to the Deep North

(d) How to be Both

131. The Second Five Year Plan that called for the establishment of Socialist pattern of society was commonly referred to as the

(a) Harrod-Domar Plan

(b) Mahalanobis Plan

(c) Nehru Plan

(d) Peoples Plan

132. Harappan crafts display an amazing degree of standardization. According to Kenoyer, what was the possible reason for such an achievement ?

(a) Availability of raw materials at local level

(b) Centralized markets for crafts

(c) Specialized training centres for craftsmen

(d) State control

126. निम्नलिखित में से कौन से क्रिकेट खिलाड़ी की मृत्यु मैच खेलते समय **नहीं** हुई है ?

(a) वसीम रजा

(b) फिलिप ह्यूज़

(c) रमन लाम्बा

(d) विजय हज़ारे

127. भारत के 45वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (2014) में निम्नलिखित फिल्मों में से कौन सी एक को "गोल्डन पीकॉक" पुरस्कार प्रदान किया गया ?

(a) एक हज़ारची नोट

(b) ए शॉर्ट स्टोरी

(c) लेविएथन

(d) अजेयो

128. निम्नलिखित में से किस एक फिल्म को 72वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों में सर्वोत्त्कृष्ट चलचित्र (ड्रामा) का पुरस्कार दिया गया ?

(a) दि थियरी ऑफ एवरीथिंग

(b) ब्वायहुड

(c) स्टिल ऐलिस

(d) बर्डमैन

129. पूर्वी जोन ने प्रतिष्ठित देवधर ट्रॉफी टूर्नमेंट 2014-15 किस को पराजित कर जीता ?

(a) दक्षिणी ज़ोन

(b) मध्य ज़ोन

(c) पश्चिमी ज़ोन

(d) उत्तरी ज़ोन

130. निम्नलिखित में से किस एक पुस्तक को 2014 का मैन बुकर प्राइज़ प्रदान किया गया ?

(a) हिस्ट्री ऑफ दि रेन

(b) दि लाइव्स ऑफ अदर्स

(c) दि नैरो रोड टु दि डीप नॉर्थ

(d) हाउ टु बी बोथ

131. द्वितीय पंचवर्षीय योजना को, जिसमें समाज के समाजवादी प्रतिरूप की स्थापना की आकांक्षा थी, आम तौर से क्या कहा जाता था ?

(a) हैरॅड-डॉमर योजना

(b) महालनबीस योजना

(c) नेहरू योजना

(d) जन योजना (पीपुल्स प्लान)

132. हड़प्पा की दस्तकारी आश्चर्यजनक कोटि के मानकीकरण को प्रदर्शित करती है। केनॉयर के अनुसार, इस तरह की उपलब्धि का संभव कारण क्या था ?

(a) कच्चे माल की स्थानीय स्तर पर प्राप्यता

(b) दस्तकारी के लिए केंद्रीकृत बाज़ार

(c) दस्तकारों के लिए विशेषीकृत प्रशिक्षण केंद्र

(d) राजकीय नियंत्रण

133. Consider the following statements about Ashokan rock edicts :

1. Major Rock Edict XIII records Ashoka's remorse at the sufferings caused by his Kalinga campaign.
2. Major Rock Edict X records Ashoka's visit to Lumbini.
3. Major Rock Edict XII refers to *Dhamma Mahamattas* as a new category of officers instituted by Ashoka.
4. Major Rock Edict XII speaks about showing tolerance towards all sects.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 4 only

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 3 and 4

134. Which one of the following is the common element among Rajagriha, Vaishali and Pataliputra ?

(a) Pali canon of the *Sthaviravadins* was compiled there

(b) Ashokan Major Rock Edicts were found there

(c) Places where Buddhist Councils were held

(d) Places associated with the compilation of Buddhist canons of the Mahasanghikas

135. Which one among the following sects was associated with Gosala Maskariputra ?

(a) Vajrayana

(b) Ajivikas

(c) Sthaviravadins

(d) Mahasanghikas

136. Consider the following statements about the early modern technology in India :

1. The Portuguese brought European movable metal types to Goa in 1550.
2. The first Indian script of which types were prepared was Tamil.
3. The English Company's first experiment with printing press was at Calcutta.
4. The English Company imported printing press to India in 1674-75 at the request of Bhimji Parak.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 1, 2 and 4

**133.** अशोक के शिलालेखों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रमुख शिलालेख XIII अशोक के कलिंग अभियान के कारण हुई वेदनाओं से हुए उसके अनुताप को अभिलिखित करता है ।
2. प्रमुख शिलालेख X अशोक की लुंबिनी की यात्रा को अभिलिखित करता है ।
3. प्रमुख शिलालेख XII अशोक द्वारा संस्थापित एक नए वर्ग के अधिकारियों, **धम्म महामात्तों** को निर्दिष्ट करता है
4. प्रमुख शिलालेख XII सभी संप्रदायों के प्रति सहनशीलता दिखाने को कहता है ।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 3 और 4

**134.** राजगृह, वैशाली और पाटलिपुत्र में निम्नलिखित में से कौन सी एक समानता है ?

(a) **स्थविरवादियों** का पालि धर्मसूत्र वहाँ संकलित हुआ था

(b) अशोक के प्रमुख शिलालेख वहाँ पाए गए

(c) ये वे स्थान हैं जहाँ बौद्ध संगीति हुई थी

(d) ये स्थान महासांघिकाओं के बौद्ध धर्मसूत्रों के संकलन से संबंधित हैं

**135.** निम्नलिखित में से कौन सा एक संप्रदाय गोसाल मस्करीपुत्र से संबंधित है ?

(a) वज्रयान

(b) आजीविक

(c) स्थविरवादी

(d) महासांघिका

**136.** भारत में आद्य आधुनिक प्रौद्योगिकी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पुर्तगाली 1550 में यूरोपीय चल धातु टाइप गोवा में लाए ।
2. पहली भारतीय लिपि, जिसके टाइप बनाए गए, तमिल थी ।
3. इंग्लिश कम्पनी का मुद्रणालय का पहला प्रयोग कलकत्ता में हुआ ।
4. इंग्लिश कम्पनी ने भीमजी पारक के आग्रह पर मुद्रणालय का भारत में 1674-75 में आयात किया ।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 1, 2 और 4

**137.** Which of the following statement(s) is/are true for Olympe de Gouges ?

1. She was one of the most important politically active woman in revolutionary France.
2. She was one of the members of the Committee that drafted the Declaration of Rights of Man and Citizen.
3. She wrote the Declaration of the Rights of Woman and Citizen.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 3 only

(c) 1 and 2

(d) 1 and 3

**138.** Arrange the following inventions in the field of cotton industry in chronological order (starting with the earliest) :

1. James Hargreaves's Spinning Jenny
2. John Kay's Flying Shuttle
3. Samuel Crompton's Mule
4. Richard Arkwright's Water Frame

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 3, 4, 2

(b) 2, 1, 4, 3

(c) 4, 1, 3, 2

(d) 2, 4, 1, 3

**139.** While opposing the Public Safety Bill, 1928 who among the following said that it was 'a direct attack on Indian nationalism, on the Indian National Congress' and as 'the Slavery of India, Bill No. 1' ?

(a) Motilal Nehru

(b) Lala Lajpat Rai

(c) T Prakasam

(d) Diwan Chaman Lal

**140.** Soon after the formation of Indian National Congress, the British became suspicious of nationalists. Who among the following called Congress representing only the elite — 'a microscopic minority' ?

(a) Lord Napier

(b) Lord Dufferin

(c) Lord Ripon

(d) Lord Lytton

**141.** What is the common element among Ram Prasad Bismil, Roshan Singh and Rajendra Lahiri ?

(a) They threw a bomb in the Central Legislative Assembly on 8 April, 1929

(b) They were the founder members of Swaraj Party

(c) They were the founders of Hindustan Republican Association

(d) They were associated with Kakori Conspiracy case

137. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन ओलिंप द गाउज़ के बारे में सही है/हैं ?

1. क्रांतिकारी फ्रांस में वह राजनीतिक रूप से सक्रिय सब से अधिक महत्वपूर्ण महिलाओं में से एक थी ।
2. वह पुरुष और नागरिक (मैन ऐंड सिटिजन) के अधिकारों की घोषणा का प्रारूप तैयार करने वाली समिति के सदस्यों में से एक थी ।
3. उन्होंने महिला और नागरिक (वुमन ऐंड सिटिजन) के अधिकारों की घोषणा को लिखा ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) 1 और 2

(d) 1 और 3

138. सूती वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में होने वाले निम्नलिखित आविष्कारों को कालानुक्रम (सबसे पहले से शुरू कर) में लगाइए :

1. जेम्स हारग्रीव्ज़ की स्पिनिंग जेनी
2. जॉन के की फ्लाइंग शटल
3. सैमुएल क्रॉम्पटन का म्यूल
4. रिचर्ड आर्कराइट का वाटर फ्रेम

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 3, 4, 2

(b) 2, 1, 4, 3

(c) 4, 1, 3, 2

(d) 2, 4, 1, 3

139. लोक सुरक्षा विधेयक (पब्लिक सेफ्टी बिल), 1928 का विरोध करते समय निम्नलिखित में से किसने कहा था कि यह 'भारतीय राष्ट्रवाद पर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर सीधा प्रहार है' और 'भारत की दासता का पहले नम्बर का बिल' है ?

(a) मोतीलाल नेहरू

(b) लाला लाजपत राय

(c) टी प्रकाशम

(d) दीवान चमन लाल

140. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन होने के तुरंत बाद ब्रिटिश, राष्ट्रवादियों के प्रति संशयालु हो गए । निम्नलिखित में से किस ने कहा कि कांग्रेस केवल विशिष्ट वर्ग — 'सूक्ष्म अल्पसंख्या' का ही प्रतिनिधित्व करती है ?

(a) लॉर्ड नैपियर

(b) लॉर्ड डफरिन

(c) लॉर्ड रिपन

(d) लॉड लिटन

141. रामप्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह और राजेन्द्र लाहिड़ी के बीच क्या समानता है ?

(a) उन्होंने 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय विधान सभा में बम फेंका

(b) वे स्वराज पार्टी के संस्थापक सदस्य थे

(c) वे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक थे

(d) वे काकोरी षड्यंत्र मामले से संबद्ध थे

142. Which of the following is/are ***not*** fundamental right(s) under the Constitution of India ?

1. Right to education.
2. Right to work.
3. Right to form associations.
4. Right to practise any profession.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 4

(c) 2 only

(d) 1 and 3

143. Mahatma Gandhi's *Hind Swaraj* is essentially

(a) a critique of Western modernity

(b) an outline of his philosophy of Satyagraha

(c) an invocation to Indians to free themselves from the British

(d) a blueprint of Gram Swaraj

144. The Seventh Schedule of the Constitution of India contains

(a) provisions regarding the administration of tribal areas

(b) the Union List, the State List and the Concurrent List

(c) a list of recognized languages

(d) provisions about the disqualification of Members of Legislatures on grounds of defection

145. Pochampally in Nalgonda district of Telengana became famous in April, 1951 because

(a) the Bhoodan movement was launched there by Vinoba Bhave

(b) the landless peasants rose up in arms against the landlords

(c) it witnessed violent anti-Hindi agitation

(d) Silk weavers' cooperative was formed for the first time in India

146. Who among the following was ***not*** associated with the Sarvodaya movement ?

(a) Jaya Prakash Narayan

(b) Acharya Vinoba Bhave

(c) Dhirendra Mazumdar

(d) G V Apparao

**142.** भारत के संविधान के अधीन निम्नलिखित में से कौन सा/से मूल अधिकार **नहीं** है/हैं ?

1. शिक्षा पाने का अधिकार
2. काम पाने का अधिकार
3. संगम बनाने का अधिकार
4. कोई वृत्ति करने का अधिकार

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 4

(c) केवल 2

(d) 1 और 3

**143.** महात्मा गाँधी का **हिंद स्वराज** तत्वतः क्या है ?

(a) पश्चिमी आधुनिकता की एक आलोचना

(b) सत्याग्रह के उनके दर्शन की रूप-रेखा

(c) ब्रिटिश से अपने आप को स्वतंत्र कराने का भारतीयों से आह्वान

(d) ग्राम स्वराज की एक रूप-रेखा

**144.** भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में क्या अंतर्विष्ट है ?

(a) जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध

(b) संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची

(c) मान्यताप्राप्त भाषाओं की सूची

(d) दल परिवर्तन के आधार पर विधान-मंडलों के सदस्यों की निरर्हता के बारे में उपबंध

**145.** तेलंगाना के नालगोन्डा जिले में पोचमपल्ली अप्रैल 1951 में किस कारण प्रसिद्ध हो गया ?

(a) विनोबा भावे ने वहाँ भूदान आंदोलन आरंभ किया

(b) भूमिहीन किसान भूस्वामियों के विरूद्ध शस्त्र लेकर उठ खड़े हुए

(c) यहाँ हिंसक हिंदी-विरोधी आंदोलन देखा गया

(d) भारत में पहली बार रेशम बुनकर सहकारिता का गठन हुआ

**146.** निम्नलिखित में से कौन सर्वोदय आंदोलन से संबद्ध **नहीं** था ?

(a) जय प्रकाश नारायण

(b) आचार्य विनोबा भावे

(c) धीरेंद्र मजूमदार

(d) जी वी अप्पाराव

147. Article 368 of the Constitution of India deals with

(a) the powers of the Parliament of India to amend the Constitution

(b) financial emergency

(c) reservation of seats for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the Lok Sabha

(d) Official Language of the Union of India

148. Which among the following is ***not*** a basic feature of the Constitution of India ?

(a) Fundamental rights

(b) Independence of judiciary

(c) Federalism

(d) The unquestioned right of the Parliament to amend any part of the Constitution

149. Which one among the following is ***not*** a fundamental duty ?

(a) To abide by the Constitution of India and respect the national flag and national anthem

(b) To safeguard public property

(c) To protect the Sovereignty, Unity and Integrity of India

(d) To render compulsory military service

150. Which of the following are the basic features of the Constitution (73rd Amendment) Act ?

1. Provides for a three-tier structure of panchayats in the village, intermediary and district levels.

2. Reservation of seats for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and women in all the tiers of panchayats.

3. Election to panchayats under the supervision of the State Election Commissions.

4. Introduction of the 11th Schedule to the Constitution.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2, 3 and 4

(d) 2 and 4 only

147. भारत के संविधान का अनुच्छेद 368 किस के संबंध में है ?

(a) संविधान का संशोधन करने की भारत की संसद् की शक्ति

(b) वित्तीय आपात

(c) लोक सभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण

(d) भारत संघ की राजभाषा

148. निम्नलिखित में से कौन सी, भारत के संविधान की आधारभूत विशेषता **नहीं** है ?

(a) मूल अधिकार

(b) न्यायपालिका की स्वतंत्रता

(c) परिसंघवाद (फेडरैलिज़्म)

(d) संविधान के किसी भी भाग का संशोधन करने की संसद् की निर्विवाद शक्ति

149. निम्नलिखित में से कौन सा एक, मूल कर्तव्य **नहीं** है ?

(a) भारत के संविधान का पालन करना और राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करना

(b) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना

(c) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करना

(d) अनिवार्य सैन्य सेवा प्रदान करना

150. निम्नलिखित में से कौन सी, संविधान (73 वां संशोधन) अधिनियम की आधारभूत विशेषताएँ हैं ?

1. ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तरों पर पंचायतों की त्रि-स्तरीय संरचना का उपबंध ।

2. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिए पंचायतों के सभी स्तरों पर स्थानों का आरक्षण ।

3. राज्य निर्वाचन आयोगों के नेतृत्व में पंचायतों के लिए निर्वाचन ।

4. संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची का पुर:स्थापन ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 3 और 4

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 2 और 4

SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

**टी.बी.सी. : B-PFCA-O-JCV**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता परीक्षण

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट* *पूर्णांक : 600*

### अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हों । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : **भाग –A** और **भाग – B** । **भाग – B में प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है** । प्रत्येक प्रश्नांश में तीन/चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन/चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जायेगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है,तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.